# टीम ने रुड़की में पकड़ी नकली दवाओं की फैक्ट्री

Publish Date:Sat, 08 Sep 2018 10:58 PM (IST)

अमरोहा : आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मिनिस्थी एस. के निर्देश पर टीम ने रुड़की में छापेमारी कर तीन नकली दवा बनाने वाली कंपनियों का भंडाफोड़ किया है। टीम न दो लोगों को हिरासत में भी लिया है, जबकि टीम की कार्रवाई अभी जारी है।

खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की टीम ने निर्धारित मूल्य से कम कीमत पर औषधि बेचे जाने की शिकायत पर 26 से 28 मार्च तक छापेमारी कर हसनपुर क्षेत्र से लगभग 3 करोड़ की नकली व नशीली औषधियों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के क्रम में 6 माह के अथक प्रयासों के बाद आयुक्त खादय सुरक्षा एवं औषधि प्रसाशन ने माफिया तक पहुंचने के लिए मुरादाबाद के औषधि निरीक्षक नरेश मोहन दीपक, बिजनौर के औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा व अमरोहा के औषधि निरीक्षक राजेश कुमार की संयुक्त टीम गठित की थी। टीम ने शनिवार को थाना गंगनहर, रुड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखंड स्थित एक नकली दवा निर्माता कम्पनी एवं एक नकली दवा प्रतिष्ठान पर छापेमारी की और वहां से भारी मात्रा में विभिन्न मल्टीनेशनल कम्पनियों की नकली औषधियों के साथ पैकिंग मेटेरियल के साथ साथ प्रयुक्त मशीन आदि भी बरामद की है। साथ ही अभी तक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

टीम में शामिल औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि संदिग्ध प्रतिष्ठानों पर छापेमारी जारी है। अभी और नकली दवाओं के साथ सौदागर हाथ लग सकते हैं। जबकि एक नकली दवा की फैक्ट्री का संचालक दवाओं में आग लगाकर भाग गया। हरिद्वार के गंगनहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/amroha-city-team-gets-fake-drugs-factory-in-roorkee-18405078.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/amroha-city-team-gets-fake-drugs-factory-in-roorkee-18405078.html)